भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.10.2024

## आरेडिका में मनायी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 02.10.2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155वीं जयंती के अवसर पर "स्वच्छता पखवाड़ा" के अन्तर्गत साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की चित्रप्रतिमा पर "माल्यार्पण" किया गया।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नही थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी साथ ही उन्होने कहा कि बापू के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हम सब को स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें अपने आस–पास की सड़को, गलियों, नालियों, पार्कों, स्कूलों एवं सेवा भवनों को साफ–सुथरा रखना चाहिए। आज आरेडिका से अन्य शहरों के वातारण की हम तुलना करते हैं तो पता चलता है कि हम कितने स्वच्छ पर्यावरण में रहे हैं। हम दुनिया की हर चीज को खरीद सकते हैं लेकिन प्रकृति और स्वच्छता को नहीं खरीद सकते, इसलिए हमें वृक्ष लगाने चाहिए एवं जल संरक्षण करना चाहिए।

आरेडिका में "स्वच्छ भारत मिशन 4.0" को सफल बनाने के लिए स्वच्छता हेतु सघन साफ–सफाई अभियान चलाया गया। जिसका प्रथम चरण 02.10.2024 राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के साथ समाप्त हो गया एवं दूसरे चरण की शुरूआत की गयी जिससे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं आरेडिका को प्रदूषण मुक्त किया जा सके।

इसी कड़ी में उत्तर रेलवे स्काउट एवं गाइड आरेडिका के बच्चों ने स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के तहत सर्वधर्म प्रार्थना सभा, स्वच्छता रैली, नुक्कड नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आरेडिका के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में झाडू लगाकर तथा कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने कर्मचारी कैन्टीन में साफ–सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

03/10/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी